सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर, उ0प्र0 – 272202
Website : www.suksn.edu.in – Email Id : registrarsidduniv@gmail.com

## अधिसूचना

एतद्द्वारा आयुक्त, बस्ती मण्डल, बस्ती के पत्रांक सी–83/स0क0/छात्रवृत्ति–कार्यशाला/2025–26 दिनॉक–02.08.2025 द्वारा वित्तीय वर्ष/2024–25 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत पोर्टल में संशोधन, समय–सारणी आदि का प्रस्तुतीकरण व हितधारकों की समस्याओं के निराकरण व प्रश्नोत्तर के लिए कार्यशाला आयोजित किये जाने का निर्देश प्राप्त है। जिसके क्रम में सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर से सम्बद्ध (संतकबीरनगर, बस्ती, सिद्धार्थनगर) के समस्त राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्राचार्या/नोडल अधिकारी को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष/2024–25 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत पोर्टल में संशोधन, समय–सारणी आदि का प्रस्तुतीकरण व हितधारकों की समस्याओं के निराकरण व प्रश्नोत्तर के लिए निर्धारित तिथि 08.08.2025 को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह बस्ती में आयोजित कार्यशाला में पूर्वान्ह 11:00 बजे तक निर्धारित तिथि व समय पर प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

**नोट–जनपद महराजगंज को छोड़कर सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय को सूचित कराना है कि निर्धारित तिथि–08.08.2025 को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह बस्ती में आयोजित कार्यशाला में पूर्वान्ह 11:00 बजे तक निर्धारित तिथि व समय पर प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें।**

भवदीय

कुलसचिव,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर

पत्रांक: 1206 /सूचना/2025 दिनांक– 04/08 /2025

**प्रतिलिपि–निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर को इस आशय से प्रेषित कि निर्धारित तिथि–08.08.2025 को आयोजित कार्यशाला में प्रतिभाग करने हेतु किसी अन्य को नामित करना चाहें।
2. सहायक कुलसचिव, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर इस आशय से प्रेषित कि निर्धारित तिथि–08.08.2025 को आयोजित कार्यशाला में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।
3. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/नोडल अधिकारी सम्बद्ध **(जनपद–संतकबीरनगर, बस्ती, सिद्धार्थनगर)**, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर।
4. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
5. प्रभारी कोडिंग सेल को इस निर्देश के साथ कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय के वेबसाइट तथा कालेज लॉगिन पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
6. गार्ड फाइल में संरक्षित हेतु।

कुलसचिव,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।